भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2671

दिनांक 05 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार

**2671. प्रो. सौगत रायः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार करने का कोई निर्णय लिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;
(ग) क्या भारत ऐसे देशों से किन्हीं मदों का आयात कर रहा है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) ऐसे देशों के साथ कितना व्यापार होने का अनुमान है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) से (ङ):** भारत सरकार ने तुर्की और अजरबैजान के साथ व्यापार या पर्यटन गतिविधियों को निलंबित या प्रतिबंधित करने का कोई निर्णय नहीं लिया है ।

हालाँकि, वर्ष 2023-24 में तुर्की से आयात 3,780 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर वर्ष 2024-25 में 2,995 मिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया है, वित्तीय वर्ष 2022-23 से अज़रबैजान से आयात मूल्य भी मामूली बना हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, अज़रबैजान से आयात 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर से कम दर्ज किया गया था । व्यापार गतिविधि का यह निम्न स्तर बाद की अवधियों में भी जारी रहा है, जो एक सुसंगत प्रवृत्ति का संकेत देता है।

वर्ष 2024-25 के दौरान तुर्की से आयात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में पेट्रोलियम क्रूड, सोना, इनऑर्गेनिक रसायन, ग्रेनाइट, प्राकृतिक पत्थर और विमान एवं अंतरिक्ष यान के पुर्जे शामिल हैं।

वर्ष 2024-25 के दौरान अज़रबैजान से आयात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में निम्नः तैयार चमड़ा, चिकित्सा और वैज्ञानिक उपकरण, कच्ची खाल और चमड़े, फल/सब्जियों के बीज और हैंड टूल्स, धातुओं के कटिंग टूल्स शामिल है ।

वर्ष 2024-25 के दौरान तुर्की के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 8,712 मिलियन अमरीकी डॉलर था, जबकि वर्ष 2024-25 के दौरान अज़रबैजान के साथ द्विपक्षीय व्यापार 96.19 मिलियन अमरीकी डॉलर था।

*****